**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
**जनसंपर्क कार्यालय**
**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## हिंदी विश्वविद्यालय में चलाया जाएगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

### अभियान के दौरान साइकिल रैली, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मौन यात्रा, प्रदर्शनी, संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन

वर्धा, 12 अगस्त 2023: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसरण में 13, 14 एवं 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान मंगलवार, 13 अगस्त को प्रात: 06:00 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स से प्रारंभ होकर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर चौक, जिला क्रीड़ा संकुल, सेवाग्राम रोड, वर्धा तक जायेगी। कार्यक्रम के संयोजक विवि के कुलानुशासक प्रो. बंशीधर पाण्डेय तथा सदस्य सचिव जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे होंगे। अभियान के अंतर्गत पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय स्थित सभी भवनों, छात्रावास एवं घरों पर तिरंगा ध्वज फहराया जायेगा।




'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत बुधवार, 14 अगस्त को प्रात: 08:00 बजे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मौन यात्रा का आयोजन गांधी हिल्स से बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समता भवन तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. फरहद मलिक एवं सदस्य सचिव वर्धा समाज कार्य संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल होंगे। 14 अगस्त को अपराह्न 03:30 बजे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी का आयोजन वाचस्पति भवन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रदर्शनकारी कला विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश भारती, सह-संयोजक डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सिदो कान्हु मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. बालाजी चिरडे एवं सदस्य सचिव सहायक कुलसचिव विनोद वैद्य होंगे। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी अपराह्न 04:00 बजे कस्तूरबा सभागार में आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी के संयोजक एसोशिएट प्रोफेसर, डॉ. बालाजी चिरडे तथा सह-संयोजक सहायक प्रोफेसर, डॉ. संदीप सपकाले होंगे। सायं 07:00 बजे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश भारती एवं सदस्य सचिव सहायक प्रोफेसर डॉ. विधु खरे दास होंगी।

गुरुवार, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वाचस्पति भवन के प्रांगण में प्रात: 09:30 बजे कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यकमों में अध्यापक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों को सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय ने की है।

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**
**ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**
**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE


## हिंदी विश्वविद्यालयात 'हर घर तिरंगा' मोहीमेचे आयोजन

## सायकल रॅली, मूक यात्रा, प्रदर्शन, चर्चासत्र, सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमांचे आयोजन

वर्धा, 12 ऑगस्ट 2023: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 13, 14 आणि 15 ऑगस्ट दरम्यान 'हर घर तिरंगा' अभियान राबविण्यात येणार आहे. या मोहिमेदरम्यान मंगळवार, 13 ऑगस्ट रोजी सकाळी 06:00 वाजता सायकल रॅलीचे आयोजन करण्यात आले आहे. ही रॅली विश्वविद्यालयाच्या गांधी हिल्स पासून सुरू होऊन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, जिल्हा क्रीडा संकुल, सेवाग्राम रोड, वर्धा येथे जाईल. कार्यक्रमाचे संयोजक विश्वविद्यालयाचे कुलानुशासक प्रो. बंशीधर पांडे आणि सदस्य सचिव जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे असतील. या मोहिमेअंतर्गत सकाळी 11 वाजता विश्वविद्यालयाच्या सर्व इमारती, वसतिगृहे आणि घरांवर तिरंगा ध्वज फडकवण्यात येणार आहे.

'हर घर तिरंगा' अभियानांतर्गत बुधवार, 14 ऑगस्ट रोजी सकाळी 08:00 वाजता विभाजन विभीषिका स्मृति दिन मूक यात्रे चे आयोजन गांधी हिल्स ते बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर समता भवन पर्यंत काढण्यात येणार आहे. या कार्यक्रमाचे संयोजक मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. फरहद मलिक व सदस्य सचिव म्हणून वर्धा समाज कार्य संस्थानचे सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवसिंह बघेल असतील. 14 ऑगस्ट रोजी दुपारी 03:30 वाजता विभाजन विभीषिका स्मृती दिन प्रदर्शनाचे आयोजन वाचस्पती भवन येथे करण्यात आले आहे. या कार्यक्रमाचे संयोजक प्रदर्शनकारी कला विभागाचे असोशिएट प्रोफेसार डॉ. ओमप्रकाश भारती, सहसंयोजक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मू दलित व जनजातीय अध्ययन केंद्राचे असोशिएट प्रोफेसर डॉ. बालाजी चिरडे व सदस्य सचिव सहायक कुलसचिव विनोद वैद्य असतील. विभाजन विभीषिका स्मृति दिन परिसंवाद दुपारी 04:00 वाजता कस्तुरबा सभागृहात आयोजन करण्यात आला आहे. परिसंवादाचे संयोजक असोशिएट प्रोफेसर डॉ. बालाजी चिरडे तर सहसंयोजक असोशिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप सपकाळे असतील. सायंकाळी 07:00 वाजता सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले आहे. या कार्यक्रमाचे संयोजक असोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश भारती तर सदस्य सचिव सहायक प्रोफेसर  डॉ. विधू खरे दास असतील.

गुरुवार, 15 ऑगस्ट रोजी स्वातंत्र्य दिनानिमित्त कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांच्या हस्ते ध्वजारोहण करण्यात येईल.

‘हर घर तिरंगा’ अभियानांतर्गत आयोजित सर्व कार्यक्रमांमध्ये शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी आणि विद्यार्थ्यांनी सहभागी व्हावे असे आवाहन विश्वविद्यालयाने केले आहे.


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651   मोबाइल/Mobile : 9960562305